हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 दीपोत्सव की तैयारी शुरू: 8 को मनेगी दीपावली 10 को अन्नकूट...



07 'वोट बचाओ, देश बचाओ' पर आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा पर...



खबर संक्षेप

29 अक्टूबर को होगी काउंसलिंग

सीहोर। जिले में विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 29 अक्टूबर को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग जिला पंचायत सीहोर के सभागार में होगी। इच्छुक लोकसेवकों को सुबह 11:30 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा केंद्र सीहोर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, काउंसलिंग में 1 जनवरी 2026 को 52 वर्ष से अधिक आयु के लोकसेवक पात्र नहीं होंगे। पदस्थापना के लिए निर्धारित प्रपत्र में कम से कम चार विकल्प भरना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को सहमति पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों की मूल प्रतियां भी लानी होंगी। काउंसलिंग में पहले जनशिक्षक के पदों की पूर्ति की जाएगी। वहीं, विकासखंड अकादमिक समन्वयक के पद के लिए विषय का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। किसी एक पद के लिए विकल्प चुनने वाले लोकसेवक का नाम वरिष्ठता सूची से हटा दिया जाएगा। काउंसलिंग के बाद चयन सूची जिला नियुक्ति समिति से अनुमोदित होने पर पदस्थापना आदेश जारी किए जाएंगे।

बीएसआई मैदान पर भोपाल की दमदार जीत

सीहोर। शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को भोपाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजगढ़ को एक पारी से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले में भोपाल के गेंदबाजों ने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और प्रभावी गेंदबाजी से राजगढ़ के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पहली पारी में महज 57 रन पर सिमटने के बाद राजगढ़ की टीम दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।

जनसुनवाई में आए 34 आवेदनों पर हुई सुनवाई

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव और अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 34 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

पार्षदों और अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ सम्मेलन

नपा की बैठक में सभी 17 बिंदु सर्वसम्मति से पारित, दो मार्गों को मिला नया नाम

बैठक में शुगर फैक्ट्री चौराहे से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले मार्ग का नामकरण श्री त्यागी बाबा मार्ग करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार शुगर फैक्ट्री चौराहे से लुनिया चौराहे तक के मार्ग का नामकरण लव-कुश मार्ग किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर पालिका परिषद में आज परिषद सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें शहर के विकास, सड़क निर्माण, मार्गों के नामकरण और आगामी वित्तीय वर्ष के पुनरीक्षित बजट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में एजेंडे में शामिल सभी 17 बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद सभी बिंदुओं को पारित कर दिया गया। परिषद की इस बैठक में शहर के विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ नगर की पहचान और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता दी गई।

बैठक में शुगर फैक्ट्री चौराहे से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले मार्ग का नामकरण श्री त्यागी बाबा मार्ग करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार शुगर फैक्ट्री चौराहे से लुनिया चौराहे तक के मार्ग का नामकरण लव-कुश मार्ग किया गया। इन दोनों मार्गों के नामकरण को शहर की पहचान से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों के रूप में देखा जा रहा है। परिषद सम्मेलन में विकास कार्यों को लेकर भी महत्वपूर्ण विषय रखे गए।तीन कॉलोनियों को नगर पालिका में किया गया मर्ज, नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा अन्नपूर्णा धाम फेस-2, गजकेसरी कॉलोनी एवं उमाशंकर धाम को नगर पालिका में मर्ज किया गया है।

अब इन कॉलोनियों में विद्युत संबंधी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगर पालिका द्वारा संभाली जाएगी। इस निर्णय से कॉलोनीवासियों को विद्युत व्यवस्था से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत मिलेगी। इनमें मंडी माता मंदिर चौराहे से नरसिंहगढ़ नाके तक सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 31 स्थित जमशेद नगर में पुल निर्माण कार्य तथा पुनरीक्षित बजट वर्ष 2026-27 के संबंध में विचार-विमर्श प्रमुख रूप से शामिल रहा। इसके अलावा एजेंडे के अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर सभी 17 प्रस्तावों को पारित किया गया।

विकास कार्यों को लेकर परिषद में हुई चर्चा

नगर पालिका परिषद की बैठक में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आवश्यक निर्माण कार्यों, नागरिक सुविधाओं और विकास योजनाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। सड़क एवं पुल निर्माण जैसे कार्यों को लेकर रखे गए प्रस्तावों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। वहीं, पुनरीक्षित बजट 2026-27 के संबंध में चर्चा के माध्यम से नगर पालिका के आगामी वित्तीय कार्यों और विकास संबंधी आवश्यकताओं पर विचार किया गया।

क्या बोले नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है। परिषद की बैठक में शहर के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है। सभी 17 बिंदुओं का पारित होना इस बात को दर्शाता है कि परिषद शहर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगे कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क, पुल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य नागरिकों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगर पालिका का प्रयास है कि विकास कार्यों की योजना बनाकर उन्हें आगे बढ़ाया जाए और नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप शहर में सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि परिषद के सभी सदस्यों के सहयोग से नगर विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा।

पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ सम्मेलन

परिषद सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ सुधीर सिंह, एन्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय कोहली सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

'कोसमी कांड' के बाद केंद्रीय मंत्री के बयान से नाराज वनकर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

सीहोर। कोसमी में वन विकास निगम के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के उपरांत केंद्रीय मंत्री के द्वारा उपयोग किए गए कथित नरपिशाच शब्द के संबंध में स्पष्टीकरण देने और भविष्य में अतिक्रमण हटाने के लिए वन विकास निगम को पर्याप्त प्रशासनिक एवं पुलिस बल उपलब्ध कराने तथा अवैध अतिक्रमण के मामलों में राजनीतिक दबाव से मुक्त निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग को लेकर मंगलवार को मध्य प्रदेश बंद कर्मचारी संघ और मध्य प्रदेश वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ से जुड़े सैकड़ों वन कर्मियों के द्वारा कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन संघ जिला अध्यक्ष जयकुमार सक्सेना के नेतृत्व में सक्षम प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार डॉ अमित सिंह को दिया गया।



संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शासन के वैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए वन एवं वनभूमि की सुरक्षा तथा अवैध अतिक्रमण की रोकथाम के लिए कार्य करते हैं। इसके बावजूद वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को टारगेट का अपमानित किया जाता है। संघ शासन से मांग करता है कि केंद्रीय मंत्री के द्वारा कोसमी घटनाक्रम के बाद सार्वजनिक रूप से उपयोग किए गए नरपिशाच शब्द के संदर्भ में उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए या फिर केंद्रीय मंत्री इस शब्द को वापस लेकर सार्वजनिक से खेद व्यक्त कर क्षमा याचना करें। नरपिशाच शब्द के संबंध में स्पष्ट किया जाए कि उक्त शब्द किस संदर्भ में एवं किन व्यक्तियों के लिए प्रयोग किया गया है ताकि वन कर्मचारियों के मध्य असमंजस की स्थिति स्पष्ट हो जाए। यदि उक्त शब्द वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रयक्त किया गया तो मध्यप्रदेश वनकर्मचारी संघ जिता शाखा सीहोर इस पर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज करता है।

शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने वाले कर्मचबारियों के संदर्भ में इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है तथा इससे कर्मचारियों के सम्मान एवं मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वनभूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विरोध, दबाव तथा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी परिस्थितियों में पर्याप्त सुरक्षा एवं प्रशासनिक सहयोग के अभाव में निष्पक्ष कार्रवाई प्रभावित होने की आशंका रहती है।

भविष्य में वनभूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त पुलिस बल एवं प्रशासनिक बत उपलब्ध कराया जाए। संबंधित जिला प्रशासन पलिस प्रशासन एवं वन विभाग के बीच समचित समन्वय स्थापित किया जाए ताकि कार्रवाई कानून के अनुरूप निष्पक्ष एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके और वन अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी अनुचित दबाव या भय के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से अवैध अतिक्रमणकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को भ्रमित किए जाने की निष्पक्ष जांच की जाए। प्रदर्शन में संघ के जिला अध्यक्ष जयकुमार सक्सेना के साथ शरद रंजन, भूपेंद्र दुगेरिया, शोएब खान, नारायण दत्त मिश्रा संजय शर्मा, वीरेंद्र भाटी, कमलेश वर्मा, मुकेश ठाकुर, दीपेन चौहान, तिलक वर्मा, निरंजन ठाकुर, आशीष तोमर, राहुल गौर, जे.पी. टिल्लौरे, अरुण पेठारी, चंचल चंदेल, पंकज वर्मा, अजय यादव, रामगोपाल यादव, अंकित मालवीय, नारायण मिश्रा सहित सीहोर जिले के अन्य वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

छापरी में निखिल मेवाड़ा की मौत के मामले में विद्युत मंडल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

आउटसोर्स कर्मचारी की भूमिका और सुरक्षा मानकों की जांच की मांग, दोषियों पर कार्रवाई की उठी आवाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम छापरी में 23 तारीख को विद्युत तारों की चपेट में आने से निखिल मेवाड़ा की दर्दनाक मौत के मामले ने विद्युत मंडल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी, विद्युत कार्यों में सुरक्षा मानकों के पालन तथा आउटसोर्स कर्मचारियों की तकनीकी योग्यता और प्रशिक्षण को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

मामले में आउटसोर्स कर्मचारी की कथित लापरवाही को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही जिम्मेदारी तय हो सकेगी। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित विभाग घटना की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए क्या कदम उठाता है।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल : विद्युत लाइन से जुड़े कार्यों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना बेहद जरूरी है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि घटना के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक सावधानियां बरती गई थीं या नहीं। साथ ही, विद्युत मंडल में आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति के समय उनकी तकनीकी योग्यता, प्रशिक्षण और कार्य संबंधी जिम्मेदारियों का सत्यापन किस प्रकार किया जाता है।

जवाबदेही तय करने की मांग

घटना के बाद निखिल मेवाड़ा के परिवार को न्याय दिलाने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की जा रही है। मांग है कि संबंधित कर्मचारी और अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए तथा लापरवाही प्रमाणित होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एक परिवार के सदस्य की मौत से हुई क्षति अपूरणीय है। ऐसे मामलों में पारदर्शी जांच और जवाबदेही तय करना जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

अब निगाहें प्रशासन और विद्युत मंडल की कार्रवाई पर

ग्राम छापरी में हुई इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच कब पूरी होगी और जिम्मेदार पाए जाने वालों पर क्या कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ-साथ विद्युत कार्यों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना भी विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई नहीं होती : एमएस मेवाड़ा

दोषी विद्युत मंडल अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग, जांच का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के ग्राम बड़वेली के किसान सतीश मेवाड़ा को विद्युत करंट लगने के मामले में न्याय दिलाने के लिए ग्रामीण किसान पिछले चार माह से आंदोलनरत हैं। किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषी विद्युत मंडल अधिकारियों के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

किसानों का आरोप है कि 11 केवी विद्युत लाइन के झूलते तारों से हुए हादसे के मामले में अब तक केवल लाइनमैनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है, जबकि जांच में विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी भी सामने आने का दावा किया गया है। किसानों ने अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री के खिलाफ भी निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। किसानों ने बताया कि वे मुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, विद्युत मंडल के एमडी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित मानव अधिकार आयोग और महिला आयोग तक कई बार ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद उनकी मांग पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी है।

पुलिस अधीक्षक ने दिया जांच का आश्वासनः मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अरूण प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है । वहीं महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव द्वारा कमीश्नर भोपाल कर्मवीर शर्मा से अपने स्तर से जांच दल गठित कर जांच के निर्देश दिये। अधिकार प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने किसानों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और किसानों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। किसानों ने भोपाल में पुलिस आईजी के समक्ष भी दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग रखी है। किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और न्याय की मांग को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान किसान प्रहलाद सिंह मेवाड़ा, लक्ष्मण सिंह पटेल, घनश्याम, राजमल, कुलदीप, हीरालाल, उमराव सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

पेंशनर्स आज 28 अक्टूबर को मांगों को लेकर देंगे धरना : के.एल.बैरागी

प्रमुख पेंशनर संघ ने बैठक में लिया निर्णय

सीहोर। प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला दमोह की बैठक उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रांत के निर्देश पर दमोह में 28 अक्टूबर को दो घंटे का धरना एवं आगामी अधिवेशन की रूप रेखा पर विचार हुआ।

बैरागी द्वारा मप्र सरकार द्वारा पेंशनरों के हित में उच्च न्यायालय के निर्णयों के वाबजूद बार बार सुप्रीम कोर्ट चले जाने की प्रवृत्ति एवं छत्तीसगड़ से राहत राशि की स्वीकृति की अनिवार्यता समाप्त हो जाने के बाबजूद लाभ न देने की भर्त्सना की। साथ ही आज 28 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष दो घंटा के धरना कायक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रख कर कार्यक्रम सफल बनाने का आग्रह किया। बैठक में स्वामी अशोक तिवारी अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं संयुक्त पेंशनर मोर्चा जिला दमोह ने निर्देशानुसार 12 सूत्री मांगों के लिए धरना कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की साथ ही जिला प्रशासन द्वारा वित्त विभाग के निर्देश के बाबजूद पेंशनरों की त्रैमासिक बैठक न बुलाने बुलाई गई। बैठकों का कार्यवाही विवरण जारी न करने के लिए जिला प्रशासन की पेंशनर के प्रति उपेक्षा बताते हुए आगे वृहद आंदोलन करने का निर्णय लिए जाने की बाध्यता बताई।

बैठक में कमल सिंघई संरक्षक पेंशनर समाज, सुंदर लाल राठौर जिला अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन सीहोर, केसी जैन, जीपी प्यासी, गणेश दुबे, रमाकांत पाठक, महामंत्री प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन आरआर प्यासी, आरके मिश्रा, अध्यक्ष पेंशनर समाज, एमएल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष पेंशनर समाज आरएम गोस्वामी एवं रोहिणी गौतम आदि सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे। अंत में रमाकांत पाठक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

खबर संक्षेप



निशा पंवार के शानदार प्रदर्शन से भोपाल संभाग सेमीफाइनल जीता

भैरुंदा। ग्वालियर में आयोजित 70वीं प्रदेश स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भोपाल संभाग ने मेजबान ग्वालियर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस जीत में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कलां की खिलाड़ी निशा पंवार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच में ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 15 ओवर में 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल संभाग की सलामी बल्लेबाज सौम्या नामदेव ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने चार चौकों की मदद से दो ओवर में 22 रन बनाए। इसके बाद भोपाल संभाग के लगातार विकेट गिरने लगे। ऐसे समय में निशा पंवार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाए। उन्होंने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और दो ओवर में 10 रन देकर एक विकेट लिया। निशा के इस शानदार प्रदर्शन से भोपाल संभाग को जीत मिली। अब फाइनल मुकाबला रीवा की टीम से होगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम पटेल का निधन

भैरूंदा। ग्राम बगवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ



नेता एवं 20 सूत्री कार्यक्रम के पूर्व जिला सदस्य तथा ग्राम पंचायत बगवाड़ा के पूर्व सरपंच राधेश्याम मकवाना पटेल का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलने से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। उनके निधन को परिवार, समाज और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। स्वर्गीय राधेश्याम मकवाना पटेल कलोता क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ सदस्य थे। उन्होंने सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी भूमिका निभाई। उनके निधन से परिवारजनों, परिचितों और समाज के लोगों में शोक का माहौल है। वह स्वर्गीय माधव सिंह पटेल, दीप सिंह पटेल एवं स्वर्गीय देवी सिंह पटेल के बड़े भाई थे। वह जिला कांग्रेस संगठन मंत्री सूरत सिंह मकवाना, मूरत सिंह मकवाना, अनूप सिंह मकवाना, अनर सिंह मकवाना, मुकेश मकवाना (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, किसान कांग्रेस) के पिता थे। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाजजनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन से बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद

दीपोत्सव की तैयारी शुरू: 8 को मनेगी दीपावली 10 को अन्नकूट और 11 नवंबर को भाई दूज

दीपोत्सव की तैयारियां तेज, करवा चौथ से भाई दूज तक बाजार में रहेगी रौनक, चार प्रमुख खरीदारी मुहूर्तों से कारोबारियों को बड़ी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

दीपावली के पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रौनक लौटने लगी है। इस बार अमावस्या की तिथि के संयोग के चलते दीपावली, अन्नकूट और भाई दूज के आयोजन की तिथियों को लेकर विशेष चर्चा है। दीपावली का मुख्य पर्व 8 नवंबर को मनाया जाएगा। इसके बाद 9 नवंबर को भी अमावस्या तिथि रहने के कारण त्योहारों के क्रम में बदलाव देखने को मिलेगा। इसी क्रम में अन्नकूट का पर्व 10 नवंबर और भाई दूज 11 नवंबर को मनाई जाएगी। दीपोत्सव के इन प्रमुख पर्वों को लेकर बाजारों में तैयारियां तेज हो गई हैं। व्यापारियों के लिए इस बार दीपावली का सीजन विशेष महत्व रखता है। खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन से बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि अभी कुछ कारोबार में ग्राहकी की रफ्तार सामान्य बनी हुई है, लेकिन व्यापारियों को विश्वास है कि शुभ मुहूर्त शुरू होते ही बाजार में खरीदारों की आवाजाही बढ़ेगी। करवा चौथ से शुरू होने वाला खरीदारी का दौर पुष्य नक्षत्र, धनतेरस, रूप चौदस और दीपावली तक जारी रहने की संभावना है।

अमावस्या की रात्रि में महालक्ष्मी पूजन के कारण 8 नवंबर को दीपावली : पंडित राजेश पौराणिक ,आयुष्मान तिवारी, गोपाल जैमिनी, संजय शर्मा ने बताया कि दीपावली पर अमावस्या तिथि और रात्रिकालीन महालक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस बार अमावस्या की तिथि 8 और 9 नवंबर को पड़ने के कारण पर्व की तिथि को लेकर लोगों में उत्सुकता है। 8 नवंबर की शाम अमावस्या तिथि होने और रात्रि में महालक्ष्मी पूजन के महत्व को देखते हुए इसी दिन दीपावली मनाई जाएगी। दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश, माता महालक्ष्मी और देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके लिए लोग घरों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट में जुटे हैं। बाजारों में दीपक, फूल-मालाएं, रंगोली, विद्युत सजावट, मिठाई, पूजन सामग्री और उपहारों की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।



दीपावली के बाद भी त्योहारों का उत्साह बना रहेगा। अमावस्या तिथि के क्रम को देखते हुए इस बार अन्नकूट का पर्व 10 नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया जाता है तथा अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जाता है। धार्मिक आयोजनों के साथ ही मिठाई, पूजन सामग्री और अन्य खाद्य वस्तुओं की मांग भी बढ़ती है। इसके बाद 11 नवंबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। इस अवसर पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। त्योहार के चलते मिठाई, उपहार और कपड़ों की खरीदारी भी होती है। इस तरह दीपावली के बाद भी बाजार में ग्राहकी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को घरेलू उपकरणों की मांग से उम्मीद

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार से जुड़े गोल्डी अग्रवाल, जयेश खंडेलवाल, दिनेश यादव और सिद्धि खंडेलवाल का मानना है कि दीपावली पर घरेलू उपकरणों की मांग बढ़ने से कारोबार को गति मिल सकती है। त्योहार के दौरान लोग घरों के लिए नए उपकरण खरीदना पसंद करते हैं। ऐसे में व्यापारियों को आगामी शुभ मुहूर्तों में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है।

कपड़ा बाजार में मंदी, फसल बिक्री के बाद तेजी की आस

कपड़ा व्यवसाय से जुड़े मनमोहन लोया, अनिल खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल और गोपाल पंवार के अनुसार फिलहाल बाजार में अपेक्षित ग्राहकी नहीं दिखाई दे रही है। नवरात्र के दौरान भी खरीदारी का रुझान बहुत उत्साहजनक नहीं रहा, लेकिन अब व्यापारियों को दीपावली पर तेजी आने की उम्मीद है। उनका मानना है कि फसल की बिक्री के बाद किसानों और ग्रामीण ग्राहकों के हाथों में राशि आने से कपड़ा बाजार को सहारा मिलेगा।

वाहन बाजार में कंपनियों के ऑफर से बढ़ सकती है बिक्री

दोपहिया और चार पहिया वाहन कारोबार से जुड़े पंकज खंडेलवाल, राजू राजपूत, दीपक मालवीय, संजय पटेल और अभिषेक तिवारी का कहना है कि वाहन कंपनियों की ओर से दिए जा रहे विभिन्न ऑफर ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं।

चार प्रमुख मुहूर्तों में खरीदारी पर रहेगा जोर

दीपोत्सव के दौरान चार प्रमुख अवसरों पर बाजार में विशेष खरीदारी की उम्मीद है। करवा चौथ, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली के अवसर पर अलग-अलग क्षेत्रों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने नए सामान का स्टॉक जुटाना शुरू कर दिया है। करवा चौथ, 29 अक्टूबर: सुहागिन महिलाओं के प्रमुख पर्व करवा चौथ पर कपड़े, साज-श्रृंगार, आभूषण, पूजा सामग्री और उपहारों की खरीदारी होती है। इस दिन महिलाओं के साथ उनके परिवारों की ओर से भी विशेष खरीदारी की जाती है। नगर के बाजारों में इस पर्व को लेकर ग्राहकी शुरू हो गई है।

पुष्य नक्षत्र, 1 नवंबर: पुष्य नक्षत्र को शुभ खरीदारी के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर व्यापारी खाता-बही, व्यापारिक सामग्री और प्रतिष्ठानों के लिए आवश्यक वस्तुएं खरीदते हैं। सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स और बर्तन बाजार में भी ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है।

धनतेरस, 6 नवंबर: धनतेरस पर बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वाहन खरीदने की परंपरा है। इस दिन बाजार में सबसे अधिक खरीदारी होने की उम्मीद रहती है। व्यापारी भी इस अवसर के लिए विशेष तैयारियां कर रहे हैं।

रूप चौदस और दीपावली 7-8 नवंबर: रूप चौदस पर साज-श्रृंगार से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी होती है, जबकि दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों की सजावट, मिठाई, फूल-मालाएं, दीपक और पूजन सामग्री की मांग बढ़ती है। बाजार में ग्राहकों की आवाजाही रहने की संभावना है।

त्योहारों पर शुभ मुहूर्त में नया वाहन खरीदने की परंपरा के चलते धनतेरस और दीपावली के आसपास बिक्री बढ़ने की संभावना है। भैरूंदा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। ऐसे में खरीफ फसलों का उत्पादन और किसानों को मिलने वाली राशि स्थानीय बाजार की ग्राहकी को प्रभावित करती है। व्यापारियों को उम्मीद है कि फसल की बिक्री से प्राप्त राशि का एक हिस्सा त्योहारों की खरीदारी पर खर्च होगा।

विद्यार्थियों का निकला पथ संचलन घोष की धुन पर किया कदमताल



भैरुंदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के उपलक्ष्य में विजयादशमी पर्व के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भैरुंदा नगर में विद्यार्थियों का पथ संचलन निकाला गया। मंच पर शालेय विद्यार्थी प्रमुख रितेश लोया एवं मुख्य वक्ता रेहटी खंड प्रचारक हृदेश उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने सम्बोधित करते हुये वीर शिवाजी और महाराणा प्रताप पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वीर छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों वीर योद्धाओं का जीवन साहस, स्वाभिमान, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने पराक्रम, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता से स्वराज की स्थापना की, वहीं महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी स्वतंत्रता और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उनके जीवन से विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा मिलती है। मुख्य वक्ता ने बच्चों से इन महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर संस्कारवान, साहसी और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। पथ संचलन हाईस्कूल मैदान से प्रारम्भ हुआ जो जे पी मार्केट, शिव मंदिर सुदामापुरी,सुदामा चौराहा,ओढ़नी साड़ी,बंगाली चौराहा,शास्त्री स्कूल, पुराना मिलन गार्डन से भोपाल रोड मेन रोड,बस स्टैंड,सेठी मार्केट,दुर्गा मंदिर चौराहा से होते हुये पुनः हाई स्कूल मैदान पर समापन हुआ। इस शालेय विद्यार्थी पथ संचलन में कक्षा पाँचवी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनुशासित कदमताल करते हुए विद्यार्थियों ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन के दौरान घोष की मधुर धुन पर स्वयंसेवक एक निश्चित क्रम में आगे बढ़ते नजर आए। विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता और संगठन के प्रति समर्पण का भाव दिखाई दिया। संचलन के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और जीवन में अनुशासन के महत्व का संदेश दिया गया।

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सत्र का आयोजन



सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में मानसिक स्वास्थ्य क्या है तथा इसे बेहतर बनाए रखने के लिए किन उपायों को अपनाया जा सकता है, इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र के दौरान छात्राओं को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन, परीक्षा के तनाव से निपटने तथा अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करने के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और परिवार एवं मित्रों के साथ संवाद बनाए रखने को अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। सत्र का संचालन परामर्शदाता ममतेश राठौर ने किया। इस अवसर पर उमंग स्वास्थ्य केंद्र और मनकक्ष की भूमिका के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी गई। छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता एवं परामर्श प्राप्त करने के लिए मनहित ऐप तथा टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे में भी बताया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे समय पर सहायता प्राप्त कर सकें। सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक समस्याओं से जुड़े संकोच को दूर करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित परामर्श एवं सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कपड़े दिलाने के बहाने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया, दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कारावास

न्यायालय ने सुनाई सजा, 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, पीड़िता को 2 लाख रुपये प्रतिकर देने की अनुशंसा



भैरूंदा। नाबालिग बालिका को कपड़े दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने पैरवी की।

प्रकरण की सुनवाई प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में हुई। दोषी ठहराए गए आरोपी की पहचान विशाल पिता सालकराम इवने, निवासी भैरूंदा, जिला सीहोर के रूप में हुई है।

अभियोजन के अनुसार, 25 अक्टूबर 2025 को पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 8 बजे वह वाहन लेकर बस स्टैंड पहुंचे थे। इस दौरान उनकी पत्नी काम पर चली गई थी, जबकि बेटी कोचिंग के लिए गई थी। दोपहर में पत्नी का फोन आया कि बेटी स्कूल नहीं पहुंची है और घर से कहीं चली गई है। सूचना मिलने के बाद पिता अपनी पत्नी के साथ बेटी की तलाश में निकले। इसी दौरान सब्जी मंडी में आरोपी विशाल मोटरसाइकिल पर बालिका को अपने साथ ले जाता दिखाई दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और मामले की जांच शुरू हुई।

कपड़े दिलाने के बहाने ले गया था आरोपी: पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी बालिका को पहले से जानता था। वह उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर बाजार की ओर ले गया और कपड़े की दुकान से एक जोड़ी कपड़े दिलाए। इसके बाद आरोपी उसे अपने कमरे पर ले गया, जहां उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने के बावजूद आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की।

पुलिस ने मामले की जांच कर साक्ष्य एकत्रित किए और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मौखिक साक्ष्यों एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपना पक्ष रखा।

प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी विशाल इवने को दोषी ठहराया। न्यायालय ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया। इसके साथ ही कुल 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। पीड़िता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से न्यायालय द्वारा 2 लाख रुपये का प्रतिकर दिए जाने की अनुशंसा भी की गई है।

विधायक राय ने किया शासकीय माध्यमिक शाला बीजोरा का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का जायजा लिया



पुरस्कृत किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवनारायण गौर ने विधायक के समक्ष विद्यार्थियों की सुविधा के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने की मांग रखी। विधायक सुदेश राय ने इस मांग को तत्काल स्वीकार करते हुए शीघ्र ही विद्यालय में फर्नीचर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

विधायक के औचक निरीक्षण और विद्यालय की आवश्यकताओं के प्रति सकारात्मक पहल पर शाला परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने विधायक सुदेश राय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही उम्मीद जताई कि फर्नीचर उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। इस मौके पर हेडमास्टर शिवनारायण गौर, शिक्षक रामरतन सिंह ठाकुर, शिक्षिका प्रीति सक्सेना, दिनेश सिंह झाला, महेन्द्र पटेल, विजेन्द्र सरपंच, जितेन्द्र वर्मा जनपद सदस्य, मुकेश वर्मा सचिव, गुलाब परमार, कमल परमार, उपसरपंच लाड़लसिंह परमार सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर जताया संतोष, दोनों रसोइयों को 500-500 रुपये देकर किया पुरस्कृत

सीहोर। विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को शासकीय माध्यमिक शाला बीजोरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों को दिए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। भोजन अच्छा पाए जाने पर विधायक ने शाला परिवार की सराहना करते हुए रसोइयों को 500-500 रुपये की राशि देकर

नप अध्यक्ष ने नागरिकों से की अपील, संग्रहण वाहन में ही डालें कचरा

दीपावली से पहले में चला स्वच्छता महाअभियान जीवीपी पॉइंट्स की कराई गई सफाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

दीपावली पर्व को देखते हुए नगर परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विशेष स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सफाई अभियान चलाकर कचरे के ढेर यानी जीवीपी पॉइंट्स की सफाई कराई गई। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ प्रशांत जैन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 10 स्थित मुख्य नर्मदा घाट,सिंधी घाट,ढीमर घाट, ग्वाल घाट एवं माना वीआईपी रोड पर सफाई कराकर सार्वजनिक स्थलों पर जमा कचरे को हटाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय ने दीपावली के मद्देनजर नागरिकों से अपील की कि घरों की साफ-सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को सड़कों, खाली स्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर न फेंकें,बल्कि नगर परिषद के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखना केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता भी जरूरी है। सभी के सहयोग से ही स्वच्छ दीपावली और सुंदर बुधनी का संकल्प साकार हो सकता है। स्वच्छता महाअभियान में सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद ने नागरिकों से कचरे का उचित निस्तारण करने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 30 को महोड़िया में शिविर आयोजित

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर को सीहोर विकासखंड के महोड़िया में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर बालागुरु के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनें और शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर चल रहे बयानों के तीर

'वोट बचाओ, देश बचाओ' पर आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा पर बरसे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर जिले में सियासत तेज हो रही है। इस यात्रा को लेकर दोनों दलों के नेताओं द्वारा लगातार एक-दूसरे पर तंज कसे जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस द्वारा सोमवार को वोट बचाओ, देश बचाओ पर आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची ने जिले के दो भाजपा विधायकों पर नुकीला तीर चला दिया।

स्थानीय मिडवे ट्रीट पर आहूत हुई इस प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 'जिस व्यक्ति का विधायक रहते हुए जनाजा यहां के सीएमओ ने निकाल दिया, उनको किसी कार्यक्रम में बुलाने से इनकार कर दिया। जिस व्यक्ति के विधायक रहते हुए जल जीवन मिशन के जीएम ने भी उनका जनाजा निकाल दिया। और मैं उस जनाजे की तो बात ही नहीं कर रहा जो उनका भोपाल में निकल चुका है।



राजगढ़ और खिलचीपुर विधायक ने यह दिए थे बयान

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव ने दिग्विजय सिंह की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा था उन्हें इस यात्रा से कोई लेना-देना नहीं है। (दिग्विजय सिंह) का जनाजा तो यहां (राजगढ़ लोकसभा) से निकल चुका है। अब क्या जरूरत है उनकी। अब वे नए सिरे से अपना जीवन तलाश रहे हैं। उन्हें इस यात्रा से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं खिलचीपुर विधायक हजारालाल दांगी ने सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को बेफिजूल की नौटंकी बताया था। वहीं कहा था कि दिग्विजय सिंह के पास अब कोई काम नहीं बचा है। उनका राजनीतिक जनाजा तो निकल चुका है।

वोट चोरी पर यह बोले पर्यवेक्षक बालासाहब

जिस वोट चोरी विषय पर उक्त प्रेसवार्ता आयोजित हुई थी उस पर कांग्रेस पर्यवेक्षक बालासाहब थारोत ने कहा कि पूरे देश में वोट चोरी करके भाजपा अपनी सरकारें बना रही है। पूरे देश में एसआईआर के जरिए कांग्रेस समर्थकों के धड़ल्ले से नाम हटाए गए और अभी भी हटाए जा रहे हैं। इंका जिलाध्यक्ष सिंह ने बताया कि राजगढ़ जिले के कुरावर, सारंगपुर, खिलचीपुर में तो यह बात स्पष्टतः सामने आ चुकी है कि एक समुदाय विशेष के मतदाताओं के थोकबंद नाम मतदाता सूचियों से विलोपित कर दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता या वोट रक्षक स्वयंसेवकों के बीच समन्वय बनाकर मतादाता सूची का बूथवार सत्यापन किया जाएगा। पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर संबंधित के दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



सनातन यात्रा में शामिल होने के लिए बांटे पीले चावल

खुजनेर। महाकाल की नगरी उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा 28 अक्टूबर को शाम 5 बजे खुजनेर पहुंचेगी। यात्रा के खुजनेर पहुंचने से पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में सोमवार को शहर में पीले चावल बांटकर धर्मप्रेमी नागरिकों को आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने नगरवासियों से यात्रा के स्वागत और कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामगोपाल पाटीदार, अखिलेश गुप्ता, बाबू वर्मा, गोपाल ठाकुर, देवचंद्र मालवीय सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

वोट चोरी और चंदा चोरी के खिलाफ निकाली जा रही यात्रा

सनातन धर्म, सर्वधर्म समभाव, सत्य व अहिंसा का मार्ग : दिग्विजय सिंह



सत्य सनातन यात्रा सारंगपुर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की वोट चोरी और चंदा चोरी के खिलाफ निकाली जा रही सत्य सनातन यात्रा सोमवार शाम करीब 4 बजे सारंगपुर पहुंची। गोपालपुरा बायपास के पास एक निजी पेवर्स फैक्ट्री में विश्राम के दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए हिंदुत्व और सनातन धर्म को अलग-अलग बताया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सर्वधर्म समभाव, सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाता है, जबकि हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाई जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य वोट चोरी और चंदा चोरी के मुद्दों को उठाने के साथ सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म को हिंदुत्व के नाम पर बदनाम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में भी सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया जाए। यह एक छोटा-सा प्रयास है, जिसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि वोट चोरी के मुद्दे पर कार्रवाई नहीं हुई तो देश में लोकतंत्र और संविधान के सामने संकट खड़ा हो सकता है।



दिग्विजय सिंह ने एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की प्रस्तावित जनसभा में लोगों से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि वोट चोरी के खिलाफ चर्चा कर जनजागरूकता का माहौल बनाना जरूरी है।

भाजपा पर साधा निशाना, हिंदुत्व को लेकर कही यह बात

दिग्विजय सिंह ने कहा कि हिंदुत्व शब्द का इस्तेमाल सावरकर ने किया था और उनके मुताबिक इसका सनातन धर्म से संबंध नहीं है। भाजपा के पास जनहित के मुद्दे नहीं हैं और वह हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाती है। इसके विपरीत सनातन धर्म लोगों को जोड़ने का काम करता है। चंदा चोरी के मामले में हुई कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए कहा कि इस मामले में अभी छोटी मछलियां पकड़ी गई हैं, जबकि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में व्यवधान के सवाल पर सिंह ने कहा कि सभा को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने मांग की कि सभा में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, कृष्ण मोहन मालवीय, प्रदीप जैन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, वरिष्ठ नेता नंदलाल नागर प्रदीप सादानी, प्रवक्ता लखन धनगर, अखिलेश राठी, ब्लॉक अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय, शोएब हसन राही सहित साधु संत और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

9.11 लाख का मादक पदार्थ जब्त

60 किलो 750 ग्राम डोडाचूरा के साथ 4 महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आलोट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अभियान के तहत कार्रवाई

पुलिस ने ग्राम पिपलिया सिसोदिया के खेतों के कच्चे रास्ते से इनके कब्जे से 60 किलो 750 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 9 लाख 11 हजार 250 रुपये बताई गई है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विवेक कुमार लाल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

मुखबिर की सूचना पर दबिश

पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम पिपलिया सिसोदिया के खेतों के कच्चे रास्ते से डोडाचूरा की तस्करी की जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चार महिलाओं को पकड़ा। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए उनके कब्जे से 60 किलो 750 ग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। गिरफ्तार महिलाओं के विरुद्ध थाना आलोट में अपराध क्रमांक 583/2026, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ के स्रोत और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक योगेश पाटीदार, उपनिरीक्षक आर.सी. खड़िया, प्रधान आरक्षक अमित भावसार, महिला आरक्षक अनिता, आरक्षक अभिनन्दन, सुनील चुनारा, थॉमस भाभर, रौनक पोरवाल और मुकेश की भूमिका रही।



सुरमयी संध्या में दी गई शायर साहिर लुधियानवी और गायक मन्ना डे को श्रद्धांजलि

मंदसौर। नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा प्रसिद्ध शायर एवं गीतकार साहिर लुधियानवी तथा लोकप्रिय गायक मन्ना डे की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके अमर गीतों की एक विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अभय मेहता की प्रस्तुति से हुई, जिन्होंने 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया' गीत गाकर समां बांध दिया। इसके बाद आबिद शाह ने 'न तू जमीन के लिए है, न आसमान के लिए' और सतीश सोनी ने 'निगाहें मिलाने को जी चाहता है' गीत प्रस्तुत किए। संगीत प्रेमियों की सुरीली कड़ियों में पूजा दुग्गड ने 'ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं' गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉक्टर महेश शर्मा ने 'लागा चुनरी में दाग' और ललिता मेहता ने 'तुम अगर साथ देने का वादा करो' गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। एकल गीतों के साथ-साथ युगल प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में विशेष रंग जमाया। डॉक्टर महेश शर्मा और स्वाति रिछावरा ने 'अभी न जाओ छोड़ के' तथा सतीश सोनी और स्वाति रिछावरा ने 'ये आंखें देखकर हम सारी दुनिया भूल जाते हैं' जैसे खूबसूरत युगल गीत गाकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए अभय मेहता ने साहिर लुधियानवी और मन्ना डे के जीवन और उनके कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, जबकि अंत में आभार ललिता मेहता ने व्यक्त किया।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में छाई रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना का महापर्व करवा चौथ इस वर्ष 29 अक्टूबर को पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। त्योहार के नजदीक आते ही शामगढ़ नगर के प्रमुख बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। पिछले कुछ समय से सुस्त पड़े व्यापार में इस त्योहार ने संजीवनी फूंकने का काम किया है

श्रृंगार और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भीड़---पर्व के चलते नगर की कॉस्मेटिक दुकानों, फैंसी स्टोर्स और चूड़ी बाजारों में महिलाओं का तांता लगा हुआ है। सुहागिनें अपने 16 श्रृंगार के लिए डिजाइनर चूड़ियाँ, साड़ियाँ, सिंदूर, बिंदी और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी कर रही हैं। नगर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जहाँ त्योहार पर विशेष रूप से सजने-संवरने के लिए एडवांस बुकिंग चल रही है।



नपा अध्यक्ष ने भी की बाजार में खरीदारी---करवा चौथ के इस पावन उत्सव में आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी पूरी तरह रंगे नजर आ रहे हैं। नगर परिषद (नपा) अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने भी अखंड सुहाग के इस पावन व्रत की तैयारियों को लेकर शामगढ़ के स्थानीय बाजार का दौरा किया और पूजन सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामान की खरीदारी की। उन्होंने इस दौरान नगर वासियों को करवा चौथ की शुभकामनाएँ भी दीं।

पूजन सामग्री और डिजाइनर करवों की मांग--बाजार में मिट्टी और पीतल के आकर्षक एवं रंग-बिरंगे डिजाइनर करवे, चलनी और पूजा की विशेष थालियाँ बिकने के लिए सजी हुई हैं। चंद्रमा को अर्घ्य देने के लिए जरूरी इन पारंपरिक सामग्रियों की खरीदारी में महिलाएँ काफी रुचि दिखा रही हैं।

शरद पूर्णिमा पर अग्रवाल समाज ने किया डांडिया-गरबा, महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण

जीरापुर। नगर के आवास कॉलोनी स्थित अग्रवाल समाज धर्मशाला में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल मेडीकल ने बताया कि समाज द्वारा शरद पूर्णिमा पर गरबा डांडिया नृत्य करने के पीछे यह उद्देश्य है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने महारास करके खुशियां मनाई थी। समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं बच्चों ने गरबा डांडिया नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आपस में खुशी का इजहार कर सभी ने डांडिया-गरबा नृत्य कर इस पर्व की खुशियां मनाईं। इसके पश्चात महाआरती की गई तथा खीर का भोग लगाकर समाजजनों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, जिला सचिव जितेंद्र अग्रवाल,सचिव मंगलेश गोयल , मनोज अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, शैलेंद्र खरेशवाल, अंशुल अग्रवाल, रमेशचंद्र अग्रवाल जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंसल सहित समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल की सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

प्रगतिशील लेखक संघ के 14वें राज्य सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन

मोहनकुमार अध्यक्ष, अनिल करमेले महासचिव निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

इंदौर में आयोजित मध्यप्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ के 14वें राज्य सम्मेलन में प्रसिद्ध लेखक,कवि छिंदवाड़ा निवासी मोहन कुमार डहरिया अध्यक्ष,भोपाल निवासी कवि महा सचिव निर्वाचित हुए। अपने संबोधन में श्री डहरिया ने कहा कि वे प्रगतिशील लेखक संघ की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

मंदसौर इकाई से हरनाम सिंह अध्यक्ष मंडल सदस्य,असअद अंसारी प्रांतीय सचिव मंडल सदस्य,कैलाश जोशी प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए।

मंदसौर इकाई के असअद अंसारी द्वारा प्रस्तुत शिक्षा संबंधी प्रस्ताव में शिक्षक की गरिमा, स्वतंत्रता और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षण व्यवस्था को राजनीतिक दबाव से मुक्त करने , मध्यप्रदेश सरकार से शिक्षकों को अनावश्यक बाहरी दबाव से मुक्त वातावरण, स्थानांतरण-पदस्थापना के पारदर्शी नियम, गैर-शैक्षणिक कार्यों में कमी तथा निष्पक्ष शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराने,शिक्षक की मानसिक सुरक्षा, गरिमा और शैक्षणिक स्वायत्तता को शिक्षा नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में विनीत तिवारी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों के न्यायपूर्ण पुनर्वास और पर्यावरण संरक्षण पर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। शैलेन्द्र शैली ने मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद थोपने के विरोध में प्रस्ताव रखा। आरती ने मणिपुर में शांति बहाली और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग उठाई। दिनेश भट्ट ने टेलीविजन कार्यक्रमों में अंधविश्वास के प्रसार पर रोक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। गिरीश पटेल ने रकफ विरोधी आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई की जांच तथा लोकतांत्रिक अधिकारों और पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा संबंधी प्रस्ताव रखा। सभी प्रस्ताव सर्वानुमति से पारित किए गए। सम्मेलन ने साहित्य, शिक्षा और संस्कृति को संवैधानिक मूल्यों, वैज्ञानिक चेतना, सामाजिक समानता तथा मानवीय संवेदनाओं से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मंदसौर द्वारा 48 दीपकों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मंदसौर द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आचार्य भगवन 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज की जन्मजयंती, नवगत आचार्य समय 108 आचार्य समयसागर जी एवं गणिनि प्रमुख आयिका 105 ज्ञानमति माताजी के अवतरण दिवस पर 108 मुनि श्री। शुद्धसागर ससंघ के सानिध्य मे संत निवास सम्मति कुंज नाकोड़ा नगर मंदसौर पर 48 दीपकों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना की गई।

महिला महासमिति अध्यक्ष किरण महावीर रावका ने बताया कि 48 दीपकों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना का जैन धर्म में विशेष महत्त्व बताया गया है, इसे करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है। इस महाअर्चना में समाज के सभी पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना वितरित की गई। घी बाती लाभार्थी विनीता सुशील मेहता थीं। इसके साथ ही प्रभावना लाभार्थी महासमिति परम संरक्षक अंगुर बाला गांधी, सुनीता प्रदीप पहाड़िया, चंद्रप्रभा जी जैन, संध्या अंकित पांड्या एवं शेलजा चौधरी रहीं। महासमिति इन सभी लाभार्थियों की बहुत-बहुत अनुमोदना करती है।

इस धार्मिक आयोजन में महासमिति सदस्य अमिता मोदी, साधना पाटनी , कल्पना जैन, सुनिला जैन (बनी वाले), अनिता जैन, पद्मा जैन, कांता जैन, साधना जैन, सीमा पोरवाल, पूर्णिमा दोसी, शीला भानमलजी जैन, नीतू विनायक, पुष्पा विनायक, सुशीला जैन, लक्ष्मी जैन, पुखराज जैन, संध्या जैन, समता जैन, प्रीति जैन, ज्योति मिण्डा, मोनिका जैन आदि उपस्थित थे। हिंदी, संस्कृत के पाठ बोलने में अरुण हरसोला, चेतना विनायक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार महासमिति सचिव संध्या पांड्या ने माना।

पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

जनसुनवाई में 67 आवेदन आए, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान 67 आवेदन प्राप्त हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देशित किया।

ग्राम बापच्या निवासी भेरूलाल ने आरसीसी एवं नाली सुधारने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद सीतामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी मुकेश ने सार्वजनीक गली में अवैध निमार्ण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीएमओ नगर पालिका मंदसौर को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। करनालीखेड़ा निवासी किशनलाल ने कृषि भूमि का कब्जा दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार सितामऊ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि से आवासीस पट्टा जारी करवाने, संबल योजना का लाभ दिलवाने, आर्थिक सहायता दिलवाने, मनरेगा के अंतर्गत कपिल धारा कूप निर्माण करवाने, भूअधिकार योजना का लाभ दिलवाने, रास्ता खुलवाने, खसरा नकल में नाम दर्ज करवाने, शासकीय रास्ता खुलवाने व संत रवीदास योजना का लाभ दिलवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

जिले में कार्बाइड गन प्रतिबंधित, कलेक्टर द्वारा आदेश जारी





मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिव्यांक सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंदसौर जिले की सीमा में कार्बाइड गन एवं अन्य पदार्थों का उपयोग कर विस्फोट अथवा तीव्र ध्वनि उत्पन्न करने के उद्देश्य से निर्मित इसी प्रकार से अन्य अवैध उपकरणों के निर्माण भंडारण क्रय विक्रय वितरण प्रदर्शन एवं उपयोग को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश आम नागरिकों के जीवन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के सभी अनुविभागीय, दंडाधिकारी अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित करवाएंगे। प्रतिबंधित उपकरणों के निर्माण भंडारण क्रय विक्रय वितरण अथवा उपयोग की जानकारी प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित उपकरणों के निर्माण भंडारण क्रय विक्रय वितरण अथवा उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर वह इसकी सूचना निकटतम पुलिस थाने अथवा पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर को तत्काल उपलब्ध कराए पुलिस अधीक्षक मंदसौर प्राप्त सूचनाओं पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

आपूर्ति अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष बने चंदेल

सीहोर। मध्य प्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ, भोपाल के प्रांताध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल निर्वाचित घोषित किए गए। श्री चंदेल को सर्वाधिक 138 मत मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी संदीप भार्गव को 59 और एन.एस. चंद्रावत को 9 मत प्राप्त हुए। खाद्य विभाग के कार्यपालिक अमले के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर नए नेतृत्व का चयन किया। निर्वाचन खाद्य विभाग के निर्वाचन अधिकारियों ने संपन्न कराया और पूरी प्रक्रिया निर्वाचन पर्यवेक्षक आर.एस. धाकरे के पर्यवेक्षण में हुई। निर्वाचन के बाद खाद्य विभाग के उप सचिव व्ही.के. चंदेल, खाद्य नियंत्रक इंदौर मोहन मारु, अपर संचालक शशांक मिश्रा और हरेंद्र सिंह ने चंदेल को शुभकामनाएँ दीं। संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष सुरेश वर्मा और संतोष ऊईके, मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष डीके यादव और वर्तमान अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार गांधी, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल वाजपेई तथा मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार कोठारी ने भी बधाई दी। संचालनालय और प्रदेश के विभिन्न जिलों के अधिकारियों ने भी उनके सफल कार्यकाल की कामना की। निर्वाचित होने के बाद श्री चंदेल ने सभी सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत सदस्यों के विश्वास और संघ की एकता की जीत है, और वे सेवा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेंगे।

थाना पार्वती पुलिस ने की कार्रवाई, प्रतिबंधित गन और विस्फोटक सामग्री पकड़ी

आरोपियों से 30 किलो अवैध विस्फोटक और 585 अवैध गजकुंडी गन की जब्त

आरोपियों के विरुद्ध थाना पार्वती में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दीपावली पर्व से पहले अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ सीहोर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पार्वती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 30 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पदार्थ एवं 585 नग मोडिफाई गन (गजकुंडी) जप्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में की गई।

मुखबिर की सूचना पर की गई दबिश

26 अक्टूबर को पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मैना एवं अलीपुर निवासी कुछ व्यक्ति अपनी दुकान व मकान में अवैध रूप से मोडिफाई गन (गजकुंडी) तथा उन्हें चलाने में उपयोग होने वाली विस्फोटक सामग्री (पोटाश और सल्फर/गंधक) भारी मात्रा में रखे हुए हैं। सूचना की तस्दीक पर पुलिस टीम ने तत्काल ग्राम मैना और इंदौर नाका अलीपुर में दबिश दी। संदेहियों के मकान व दुकान की विधिवत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में निर्मित एवं अर्धनिर्मित मोडिफाई गन (गजकुंडी) तथा अवैध विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से समस्त सामग्री जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध थाना पार्वती में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए हकीम खां पिता वसीर खां, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मैना, वाजिद खां पिता नजब खां, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम मैना, अफजल पिता सरफुद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मैना, सलमान पिता मुन्नू खां, निवासी बाबा कॉलोनी, अलीपुर को गिरफ्तार किया है।

जप्त मशरूका

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों से पूर्ण निर्मित मोडिफाई गन (गजकुंडी) लगभग 320 नग अपूर्ण (अर्धनिर्मित) गजकुंडीः लगभग 265 नग कुल जप्त गजकुंडीः 585 नग (अनुमानित कीमत करीब 1,75,000 रुपये) अवैध विस्फोटक पदार्थ (पोटाश और सल्फर/गंधक) 30 किलोग्राम जब्त किया है। अरोपी यह सामग्री दीपावली पर्व पर बजार में खपाने वाले थे।

पुलिस की जनहित में अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पोटाश, गंधक जैसे अवैध विस्फोटक पदार्थों एवं मॉडिफाई गन (गजकुंडी), कार्बाइड गन का निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय तथा उपयोग करना कानूनन दंडनीय अपराध है और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसके उपयोग से गंभीर शारीरिक क्षति एवं आंखों की रोशनी जाने जैसी दुर्घटनाओं की प्रबल आशंका रहती है।अभिभावकों से विशेष अपील है कि वे अपने बच्चों को ऐसे खतरनाक एवं अवैध उपकरणों से दूर रखें। यदि आपके आसपास कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध सामग्री का निर्माण अथवा विक्रय करता है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर दें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

खाद की कालाबाजारी पर कांग्रेस का अल्टीमेटम

महंगे दामों पर खाद बेचने का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



जिले के अहमदपुर में खाद संकट और कालाबाजारी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। बुवाई का सीजन सिर पर है, लेकिन किसानों को समय पर और उचित दाम पर खाद नहीं मिल पा रही है। इसी मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अहमदपुर अध्यक्ष पवन गुर्जर ने दुकानदारों पर महंगे दामों पर खाद बेचने का आरोप लगाते हुए प्रशासन को घेराव की चेतावनी दी है। श्री गुर्जर का कहना है कि किसानों की परेशानी दोहरी है। एक तरफ सहकारी समितियों और सरकारी केंद्रों पर खाद का स्टॉक खत्म होने का बोर्ड लगा दिया जाता है, तो वहीं दूसरी तरफ निजी दुकानों पर यही खाद 300 से 400 रुपये प्रति बोरी अधिक दाम पर खुलेआम बेची जा रही है। बताया कि किसानों को रबी सीजन में गेहूं और चने की बुवाई के लिए डीएपी और यूरिया की सबसे ज्यादा जरूरत है। सुबह से शाम तक लाइनों में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही। मजबूरी में उन्हें निजी दुकानदारों से ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे किसानों की लागत बढ़ गई है और आर्थिक बोझ पड़ रहा है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए तो यह स्थिति और भी संकट भरी हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुर्जर ने बयान जारी कर कहा कि निजी खाद विक्रेता किसानों की इस मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बेचना किसानों के साथ अन्याय है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मामले की जांच कर दोषी दुकानदारों पर कार्रवाई की जाए, सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद का भंडारण किया जाए और किसानों को टोकन सिस्टम से निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई और किसानों को राहत नहीं मिली, तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर तहसील कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी।

मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष बने भोलू ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मानस भवन में मानस सम्मेलन समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एस.बी.एस. कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, आष्टा के संचालक श्री भोलू सिंह ठाकुर को वर्ष 2026 के मानस सम्मेलन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पूर्व मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष श्री नारायण सिंह जी (भूरू मुकाती) द्वारा अध्यक्ष पद के लिए श्री भोलू सिंह ठाकुर के नाम का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए उन्हें अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया।इस अवसर पर उपस्थित मानस भवन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कामरिया, समिति सचिव राकेश सुराणा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, दिनेश सोनी, गोविंद सोनी, सुशील रांका, बीएस वर्मा, नरेन्द्र कुशवाह सकल समाज अध्यक्ष रवि सोनी, कृपाल सिंह पटाड़ा, ज्ञान सिंह ठाकुर, राजीव गुप्ता, अनूप जैन, द्वारका सोनी, मनोज सोनी काका, प्रवीण ट्रेलर, राजेंद्र जायसवाल, दीपेश पाठक, मनोज ताम्रकार, मनोहर साहू, राजू चौरसिया, विनोद शर्मा, उमेश शर्मा, प्रदीप श्रीमोड, बबलू सुराणा, प्रदीप चौरसिया, हुकुम प्रजापति, शिवनारायण प्रजापति प्रदीप राठौर, कांतिलाल जोशी, अचल किरार, विश्राम सिंह ठाकुर, संदीप गौतम, मनीष सोनी, नरेश खत्री, मुकेश नामदेव संतोष प्रजापति सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। भोलू सिंह ठाकुर के अध्यक्ष बनने पर समिति सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

कजलास गांव के मोहल्ले में ट्रांसफार्मर नहीं होने से ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन, अंधेरे में रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से गांव कजलास अंधेरे की चपेट वैसे तो ग्राम पंचायत कजलास 5000 आबादी का गांव है लेकिन आज बहुत सारी मूलभूत सुविधा से वंचित है समाजसेवी सूर्यपाल सिंह ठाकुर ने तहसीलदार को ज्ञापन सोपा मुख्य रूप से सेंधव पटेल मोहल्ला का ट्रांसफार्मर विगत एक वर्ष पहले सेनसन भी हो गया खंबे भी लगा दिए लेकिन तार एवं डीपी अभी तक नहीं लगाई जो की सूर्यपाल ठाकुर ने बताया विद्युत वितरण कंपनी एवं अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण उक्त ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं लगा जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी आ रही है और जनता को अंधेरे में रहना पड़ रहा है सेंधव पटेल मोहल्ला के ट्रांसफार्मर को तुरंत लगाया जाए नहीं तो ग्रामीण जन धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे इस विषय पर तहसीलदार ने तत्काल सुपरवाइजर को फोन लगाया सुपरवाइजर ने 10 दिन के अंदर ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया ज्ञापन सोपने वाले में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन जावर के ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह ठाकुर, विजेन ठाकुर, देवेंद्र दरबार, राहुल ठाकुर ,जसपाल ठाकुर ,नरेंद्र दरबार, जितेंद्र ठाकुर ,लाला ठाकुर ,गोपाल ठाकुर ,सतीश सिंह ,शिवराज ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, अपेंद्र ठाकुर, युवराज ठाकुर, कृष्णपाल सेन ,योगेंद्र योगी, यशवंत ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, नीरज ठाकुर ,रोहन ठाकुर ,कुकी योगी, शिव श्रीवास्तव, देवनारायण सेन आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

विहीप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा महर्षि श्री वाल्मीकि की जयंती पर वाल्मीकि नगर जावर में जयंती उत्सव मनाया गया।

इसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला सह मंत्री राकेश सिंह ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक कपिल खरे ,सह मंत्री शिव प्रजापति वाल्मीकि मंदिर के पुजारी मायाराम वेद ,जावर नगर अध्यक्ष राकेश धांधल, नगर सह मंत्री आकाश चिंतामण कार्यक्रम में जिला से मंत्री राकेश ठाकुर, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, समाजसेवी मायाराम, प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज से उपस्थित दिनेश, रुपेश चिंतामण वेद, कैलाश, रवि खरे, निहाल वेद, गगन वेद का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर के कार्यकर्ताओं ने भगवा वस्त्र से सम्मान किया।

बूथ स्तर तक चलाया जाएगा वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय कुईया श्री गार्डन में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक बालासाहेब थोराट एवं सह-पर्यवेक्षक रजनीश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कांग्रेस के देशव्यापी 'वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में सीहोर जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, सीहोर विधानसभा प्रभारी दिनेश मेघानी, इछावर विधानसभा प्रभारी कैलाश परमार तथा पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत संगठन महामंत्री विवेक राठौर, सीहोर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव ने पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक बालासाहेब थोराट एवं सह-पर्यवेक्षक रजनीश सिंह ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है और इसकी रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने अभियान को प्रदेश, जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्षों तथा विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों से एकजुट होकर अभियान में भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जमीनी स्तर पर गतिविधियां संचालित की जाएंगी। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मध्यप्रदेश की मतदाता सूचियों में हुए बदलावों का मुद्दा उठाया। पार्टी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, पुनरीक्षण से पहले प्रदेश में कुल 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारूप मतदाता सूची में यह संख्या घटकर 5,31,31,983 रह गई, जबकि अंतिम मतदाता सूची में कुल 5,39,81,065 मतदाता दर्ज किए गए। कांग्रेस नेताओं ने नाम हटाए जाने के कारणों की पारदर्शी जांच की मांग की उन्होंने अनुपस्थित, मृत, स्थानांतरित तथा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं से संबंधित मामलों की उचित जांच पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से संगठन महासचिव विवेक राठौर, सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम , कमल सिंह चौहान, विष्णु प्रसाद राठौर, चंपालाल राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राशिद चाचा, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, सीताराम भारती, गणेश तिवारी, नरेन्द्र खंगराले, गुलाब भाई ठाकुर, दिप्ती कीर, आरती खंगराले, ममता शर्मा, डॉ.एजाद, जाहिद गुड्डु, प्रेम पटारिया, मुस्ताक भाई, अरविन्द मेवाड़ा, ओम बाबा राठौर, डॉ.अनीस खान, हफीज चौधरी, इदरिश मंसूरी, सहोल मिर्जा, अर्जुन सिंह, हरी मेवाड़ा, चन्दर सिंह ठाकुर, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, रामनारायण शर्मा, मदनलाल इटावदिया, संजीव अग्रवाल, ओम पटेल, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, तनिष्क त्यागी, ब्रजेश पाटीदार, यश यादव, अनुभव सेन, ओम सोनी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सीएचसी जावर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत चलाया सफाई अभियान

स्वच्छ जीवन स्वस्थ जीवन जीने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जावर में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत साफ-सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई की गई।

इस अभियान में स्वास्थ्य केंद्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के साथ-साथ आमजन को भी साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। स्वच्छ वातावरण न केवल बीमारियों से बचाव में सहायक होता है, बल्कि मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए सभी से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की गई। स्वच्छता पखवाड़े के तहत आयोजित इस अभियान में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता ने सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाने का संदेश दिया। स्वच्छ स्वास्थ्य केंद्र, स्वस्थ समाज-स्वच्छता अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं।

अखंड ज्योति के कार्यक्रम का गरबा विसर्जन के साथ किया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम खाचरोद में स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन मां अंबे के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से चल रहा अखंड ज्योति के कार्यक्रम का मंगलवार को गरबा विसर्जन के साथ समापन हो गया। पिछले 15 दिनों से मां अंबे के दरबार में हवन पूजन तुलादान व महाआरती का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमे आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के मंदिर में आकर अपने बच्चों का तुलादान किया। ग्राम वासियों ने हवन-पूजन, महा आरती, कन्या भोज, भंडारे का आयोजन किया। जिसमे समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की। मंगलवार को गरबा विसर्जन के साथ मां अंबे की ज्योति का जुलूस ग्राम के मुख्य मार्गों से होता हुआ ग्राम में स्थित तालाब पर पहुंचा। जहां आरती के बाद ज्योति का विसर्जन किया गया। इस मौके पर पंडित दिनेश शर्मा, राजेश जोशी, मांगीलाल पटेल सेंधव, देवेंद्र ठाकुर, पवन ठाकुर, महेंद्र राजपूत, गोलू पटेल, हरिओम ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, दीपक, विजेंद्र राजपूत, हेमंत ठाकुर, लखन ठाकुर, जतिन ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, रूपेश डेरी, हरेंद्र ठाकुर, अरविंद ठाकुर, गौरव ठाकुर, पुष्पेंद्र ठाकुर, पंकज महेश्वरी व नवदुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्य व ग्राम वासी उपस्थित थे।